संख्या-6/2018/351/छ:ना0सु0-18-5बजट/17

प्रेषक,

सुनील यादव,
अनुसचिव,
उ0प्र0 शासन।

सेवा में,

निदेशक,
नागरिक सुरक्षा, उ0प्र0,
लखनऊ।

नागरिक सुरक्षा अनुभाग **लखनऊ दिनांक 19 मार्च, 2018**

विषय: नागरिक सुरक्षा इकाईयों में लम्बित विद्युत बिलों के भुगतान हेतु पुनर्विनियोग के सम्बन्ध में।

महोदय,

उपर्युक्त विषयक अपने पत्र संख्या-3072/अनु-2/बजट-35/2018 दिनांक 26-12-2017 का कृपया सन्दर्भ ग्रहण करने का कष्ट करें।

2- इस सम्बन्ध में मुझे यह कहने का निदेश हुआ है कि विभिन्न नागरिक सुरक्षा इकाईयों में लम्बित विद्युत बिलों के भुगतान हेतु रू0-7.50 लाख (रू0 सात लाख पचास हजार मात्र) की धनराशि स्वीकृत किये जाने हेतु श्री राज्यपाल महोदय निम्नलिखित शर्तों के अधीन सहर्ष स्वीकृति प्रदान करते हैं :

(1) जिस प्रयोजन हेतु धनराशि की मांग की जा रही है, उसी मद में ही आवश्यकतानुसार आहरित कर व्यय की जायेगी।

(2) जिस मद में धनराशि पुनर्विनियोजित की जा रही है, उसमें इस वित्तीय वर्ष में धनराशि की मांग नहीं की जायेगी।

(3) स्वीकृत धनराशि का उपयोग दिनांक 31-03-2018 तक कर लिया जायेगा।

(4) यह सुनिश्चित किया जायेगा कि पुनर्विनियोग से बजट मैनुअल के प्रस्तर-150, 151 व 154 में निर्दिष्ट प्रतिबन्धों/परिसीमाओं का उल्लंघन नहीं होता है।

shashanadesh.up

3- उपरोक्त मद में होने वाला व्यय अनुदान संख्या-27 के लेखाशीर्ष 2070-अन्य प्रशासनिक सेवायें-106-सिविल रक्षा-05 प्रभागीय तथा जिला मुख्यालय (25 प्रतिशत भारत सरकार द्वारा प्रतिपूर्ति)-0501 सामान्य-01 वेतन में हो रही बचत से रू0-7.50 लाख (रू0 सात लाख पचास हजार मात्र) का पुनर्विनियोग कर लेखाशीर्ष-2070-अन्य प्रशासनिक सेवायें-106-सिविल रक्षा-05 प्रभागीय तथा जिला मुख्यालय (25 प्रतिशत भारत सरकार द्वारा प्रतिपूर्ति)-0501 समान्य-09 विद्युत देय के नामे डाला जायेगा।

भवदीय,
(सुनील यादव)
अनुसचिव।

<u>संख्या एवं दिनांक तदैव</u>

प्रतिलिपि निम्नलिखित को सूचनार्थ एवं आवश्यक कार्यवाही हेतु प्रेषित :

1- महालेखाकार (लेखा एवं हकदारी) प्रथम, उ0प्र0, इलाहाबाद।
2- कोषाधिकारी, जवाहर भवन, लखनऊ।
3- निदेशक, वित्तीय सांख्यिकी निदेशालय, जवाहर भवन, लखनऊ।
4- वित्त (वित्त-नियंत्रण) अनुभाग-12, उ0प्र0 शासन।
5- वित्त (बजट) अनुभाग-1, उ0प्र0 शासन (तीन प्रतियों में)।
6- गार्ड फाइल।

आज्ञा से,
(सुनील यादव)
अनुसचिव।

shashanadesh.up